समाचार

ई–बाईक पर सवार हो शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले आयुक्त

(कचरा फैलाने पर लगा अर्थदण्ड, 05 कोयला सिगडी भी जप्त की गई, लोगों को दी समझाईश, सड़क नाली व सार्वजनिक स्थल पर न डालें कचरा)

कोरबा 22 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय प्रातः 08 बजे ई–बाईक पर सवार होकर शहर की साफ–सफाई व्यवस्था व स्वच्छता कार्यो का जायजा लेने नगर का भ्रमण किया, साफ–सफाई कार्यो को देखा तथा स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, वहीं सुनालिया चौक स्थित डोसा सेंटर में डस्टबिन न रखने व कचरा फैलाने पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा कोयला की सिगडी जलाकर प्रदूषण फैलाने पर कार्यवाही करते हुए 05 कोयला सिगड़ियों को जप्त भी किया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने ई–बाईक से भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु कोरबा जैसे शहरो में छोटी दूरी की यात्रा के लिए ई–वाहन के उपयोग को एक अच्छे विकल्प होने का संदेश भी आमजनों को दिया।

आयुक्त श्री पाण्डेय शहर की साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लेने ई–बाईक (स्कूटी) पर सवार होकर सुबह–सुबह समूचे शहर का भ्रमण किया। उन्होने शास्त्री चौक, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी क्षेत्र, बुधवारी बाजार क्षेत्र, घंटाघर निहारिका रोड, टी.पी.नगर, पावर हाउस रोड, सुनालिया चौक, लक्ष्मणबन बस्ती, रामसागरपारा, कोरबा पुराना शहर सहित शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। आयुक्त श्री पाण्डेय लक्ष्मणबन बस्ती के बनिया तालाब पहुंचे, उन्होने तालाब की साफ–सफाई कराए जाने एवं अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार रामसागरपारा स्थित नाले का निरीक्षण किया तथा

उसकी भी सफाई कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो में संलग्न स्वच्छता कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा संपादित साफ–सफाई कार्यो की सघन जानकारी ली। जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा एवं पीयूष राजपूत, उप अभियंता अश्वनी दास आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

<u>लोगों को दी समझाईश, कचरा डस्टबिन में ही रखें</u> – आयुक्त श्री पाण्डेय ने लक्ष्मणबन बस्ती, रामसागरपारा सहित अन्य बस्तियों में पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से आग्रह किया कि वे घरों व दुकानों से निकले अपशिष्ट को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें। उन्होने सूखे व गीले कचरे हेतु पृथक–पृथक डस्टबिन रखें तथा इन डस्टबिन में ही पृथक–पृथक कचरा डालें, निगम की स्वच्छता दीदियॉ डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु जब आपके यहॉ पहुंचे तो उनके वाहन में ही कचरे को दें तथा नगर की साफ–सफाई व्यवस्था व शहर की स्वच्छता में अपना सहयोग दें।

<u>कचरा फैलाने पर 1000 रू. का अर्थदण्ड</u> – सुनालिया चौक के समीप स्थित डोसा सेंटर संचालक द्वारा अपनी दुकान में डस्टबिन नहीं रखा गया था तथा उनके द्वारा आसपास कचरा फैलाया जा रहा था, भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त स्थल का भी निरीक्षण किया, उन्होने दुकान में डस्टबिन न रखने व कचरा फैलाने को गंभीरता से लेते हुए सेंटर संचालक पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने सेंटर संचालक को समझाईश दी कि वे अनिवार्य रूप से अपनी दुकान में डस्टबिन रखें तथा दुकान से उत्सर्जित अपशिष्ट को डस्टबिन में ही डालें।

<u>05 कोयला सिगडियॉ जप्त की गई</u> – कच्चे कोयले की सिगडी जलाकर शहर की आबोहवा को दूषित किया जा रहा है, कोयले की सिगडी से निकला हुआ जहरीला धुआ हवा में मिलकर लोगों को बीमार कर रहा है, आज भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कोयले की सिगडियॉ जलती हुई पाई, उन्होने इन सिगड़ियों को जप्त करने के निर्देश अधिकारियों को देने के साथ ही संबंधित लोगों को समझाईश दी कि वे कच्चे कोयले की सिगडी न जलाएं, सिगडी का जहरीला धुआ हवा में मिलकर लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, खुद आप के लिए तथा आपके परिवार व बच्चों के लिए यह जहरीला धुआ घातक है, अतः ईंधन हेतु अन्य वैकल्पिक साधनों को अपनाएं, कच्चे कोयले की सिगडी कदापि न जलाएं।